मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-102
23/03/2022

समाजवाद आन्दोलन के प्रखर नेता डॉ0 राम मनोहर लोहिया को राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 23 मार्च 2022 :– समाजवाद आन्दोलन के प्रखर नेता डॉ0 राममनोहर लोहिया को आज उनकी जयंती के अवसर पर लोहिया उद्यान, लोहिया नगर कंकडबाग में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य व्यक्तियों ने स्व0 राम मनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने देशभक्ति गीतों का गायन किया तथा आरती पूजन की।

******